दैनिक आज जयपुर गुरुवार, 7 जुलाई, 2011

फुटपाथ व्यापारियों ने किया जोन दफ्तर का घेराव

जयपुर। सिविल लाइंस जोन नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले करीब डेढ़ सौ फुटपाथ व्यापारियों ने सेंटर फॉर सिविल सोसाइटी के सहयोग से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सिविल लाइंस जोन कार्यालय नगर निगम का घेराव किया और जोन आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। हैरिटेज सिटी थड़ी-ठेला यूनियन के तत्वावधान में किए गए प्रदर्शन का नेतृत्व कैलाश वर्मा, हनीफ भाई, नागरमल प्रजापत, याकूब भाई ने किया। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते यूनियन अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य के फुटपाथ व्यापारियों को बसाने के लिए सर्वे करवाया और लाइसेंस जारी कर व्यवस्थित करने के लिए फुटपाथ व्यवसायी नीति को लागू कर दिया है। जयपुर नगर निगम द्वारा इस नीति के क्रियान्वयन के लिए कई आदेश व स्मरण पत्र भी सिविल लाइंस जोन कार्यालय को दिया गया है। लेकिन चार साल से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी इस नीति पर अमल नहीं किया गया। धरने में वैशालीनगर, पंडितजी का चौराहा, हसनपुरा, हटवाड़ा रोड, चार नंबर डिस्पेंसरी के फुटपाथ व्यवसायी शामिल हुए।

समाचार जगत
जयपुर, 7 जुलाई, 2011 5

जोन कार्यालय का घेराव

जयपुर (का.सं.)। सिविल लाईन्स जोन नगर निगम के तहत आने वाले करीब 150 फुटपाथ व्यवसाईयों ने अपनी मांगों को लेकर बुधवार को सिविल लाईन्स जोन निगम कार्यालय का घेराव कर जोन आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर हैरिटेज सिटी थडी ठेला यूनियन के अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा ने सम्बोधित किया। धरने में वैशाली नगर, पण्डित जी का चौराहा, हसनपुरा, हटवाड़ा रोड व 4 नम्बर डिस्पेन्सरी के फुटपाथ व्यवसाई सम्मिलित हुए।

दैनिक नवज्योति
जयपुर, गुरुवार, 7 जुलाई 2011 2

सिविल लाइंस जोन कार्यालय का घेराव

नवज्योति ब्यूरो

जयपुर, 6 जुलाई। हैरिटेज सिटी थड़ी-ठेला यूनियन जयपुर की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को नगर निगम के सिविल लाइंस जोन कार्यालय का घेराव किया गया और ज्ञापन सौंपा।

अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा ने बताया कि घेराव के बाद दिए ज्ञापन में राज्य में लागू फुटपाथ नीति के आधार पर बसाने, नीति लागू करने से पहले फुटपाथ व्यावसायियों को नहीं उजाड़ने और जुर्माना व चालान की राशि फिलहाल नहीं वसूलने की मांगों को प्रमुखता से उठाया गया है। शर्मा ने कहा कि जयपुर नगर निगम ने सिविल लाइंस जोन कार्यालय को नीति लागू करने के संबंध में आदेश भी दे दिए हैं मगर कार्यालय ने अभी तक इस पर अमल नहीं किया है। जिससे फुटपाथ व्यावसायियों को कांफी नुकसाना उठाना पड़ रहा है।

4 राजस्थान पत्रिका
जयपुर, गुरुवार, 7 जुलाई 2011

ज्ञापन दिया

जयपुर. नगर निगम के सिविल लाइन्स जोन के अंतर्गत आने वाले फुटपाथ व्यवसायियों ने बुधवार को विभिन्न मांगों को लेकर सिविल लाइंन जोन कार्यालय का घेराव कर जोन आयुक्त को ज्ञापन दिया। हैरिटेज सिटी थड़ी-ठेला यूनियन के अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि ज्ञापन में फुटपाथ व्यवसायियों को फुटपाथ नीति के आधार पर बसाने, निगम के कर्मचारियों की मनमानी पर अंकुश लगाने आदि की मांग की।

डेली न्यूज़
जयपुर, गुरुवार, 7 जुलाई 2011 4

जोन आयुक्त का घेराव कर ज्ञापन सौंपा

हैरिटेज सिटी थड़ी-ठेला यूनियन की ओर से बुधवार को नगर निगम के सिविल लाइन्स जोन कार्यालय का घेराव कर जोन आयुक्त अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर यूनियन के अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा, कैलाश वर्मा, हनीफ, नागरमल प्रजापत, याकूब आदि उपस्थित थे।